भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3481

उत्तर देने की तारीख 10.08.2026

इंडियन कल्चर पोर्टल संस्करण 2.0

3481. श्री हरिभाई पटेल :

श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल :

श्रीमती स्मिता उदय वाघ :

श्री मनोज तिवारी :

श्री लुम्बाराम चौधरी :

श्री बिद्युत बरन महतो :

श्रीमती कमलेश जांगड़े :

श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे :

श्री भर्तृहरि महताब :

श्री पी. पी. चौधरी :

श्री दिलीप शइकीया :

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :

श्री शशांक मणि:

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी :

श्री नव चरण माझी :

श्री सतीश कुमार गौतम :

श्री दिनेशभाई मकवाणा :

श्री सुधीर गुप्ता :

डॉ. निशिकान्त दुबे :

श्री अभिमन्यु सेठी :

श्री अनिल फिरोजिया :

श्री राहुल सिंह लोधी :

डॉ. राजेश मिश्रा :

श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन्नत भारतीय संस्कृति पोर्टल यानी इंडियन कल्चर पोर्टल संस्करण 2.0 के कार्यान्वयन की समीक्षा के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत तक डिजिटल पहुंच को मजबूत करने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पोर्टल पर उन्नत डिजिटल तकनीकों के माध्यम से पहुंच, बहुभाषी उपलब्धता, उपयोगकर्ता एवं सार्वजनिक इंटरफेस तथा सहभागिता, और डिजिटल सामग्री को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या डिजिटल सांस्कृतिक संसाधनों का विस्तार करने और एक एकीकृत डिजिटल सांस्कृतिक भंडार बनाने के लिए संग्रहालयों, पुस्तकालयों, अभिलेखागारों, स्मारकों और अन्य सांस्कृतिक संस्थानों को पोर्टल के साथ एकीकृत करने की सुविधा हेतु कोई तंत्र स्थापित किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उन्नत पोर्टल द्वारा भारत की सांस्कृतिक विरासत के व्यापक जन-सुलभ उपयोग, अनुसंधान, शिक्षा, वर्चुअल प्रदर्शनियों और संरक्षण को बढ़ावा दिए जाने के तौर-तरीकों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और महाराष्ट्र के अंतर्गत जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, उक्त पोर्टल के साथ एकीकृत संस्थानों से संबंधित ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): मार्च 2026 में शुरू किए गए उन्नत भारतीय संस्कृति पोर्टल (आईसीपी) संस्करण 2.0 के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत तक डिजिटल पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए गए हैं। उन्नत पोर्टल को भारत के सांस्कृतिक संसाधनों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए एक आधुनिक, स्केलेबल और सुरक्षित आर्किटेक्चर के साथ विकसित किया गया है। प्रमुख सुधारों में उन्नत खोज क्षमताएं, बहुभाषी सहायता, बेहतर उपयोगकर्ता इंटरफेस और उपयोगकर्ता अनुभव, प्रोग्रेसिव वेब एप्लीकेशन (पीडब्ल्यूए) कार्यक्षमता, एआई-सक्षम चैटबॉट और संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक संस्थानों के साथ एकीकरण शामिल हैं।

पोर्टल पर पहुंच, बहुभाषी उपलब्धता, उपयोगकर्ता इंटरफेस, सार्वजनिक सहभागिता और डिजिटल सामग्री को बेहतर बनाने के लिए की गई पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. बेहतर नेविगेशन और सुलभता के साथ एक आधुनिक और रिस्पॉन्सिव उपयोगकर्ता इंटरफेस की शुरुआत।
2. भाषिणी प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण के माध्यम से 22 भारतीय भाषाओं में सामग्री की उपलब्धता।

3. बुद्धिमतापूर्ण खोज करने, सामग्री ढूंढने और बहुभाषी संवाद के लिए एआई-संचालित चैटबॉट भारती को चालू करना।
4. सांस्कृतिक संसाधनों की कुशल पुन:प्राप्ति के लिए उन्नत खोज और फ़िल्टरिंग विशेषताएं।
5. डेस्कटॉप, टैबलेट और मोबाइल उपकरणों पर पहुंच सक्षम करने के लिए प्रोग्रेसिव वेब एप्लीकेशन (पीडब्ल्यूए) के रूप में पोर्टल का विकास।
6. बेहतर कार्य निष्पादन, स्केलेबिलिटी और सुरक्षा के लिए रिएक्ट और द्रुपल 10 का उपयोग करके एक डिकपल्ड आर्किटेक्चर को अपनाना।
7. सार्वजनिक सहभागिता बढ़ाने के लिए नए विषयगत खंडों और क्यूरेटेड सांस्कृतिक संग्रहों को जोड़ना।

(ग): भारतीय संस्कृति पोर्टल ने मानक मेटाडेटा एक्सचेंज, एपीआई और संस्थागत ऑनबोर्डिंग के माध्यम से सांस्कृतिक संस्थानों के एकीकरण के लिए तंत्र स्थापित किया है। यह पोर्टल संस्कृति मंत्रालय और भागीदार संगठनों के अंतर्गत संग्रहालयों, पुस्तकालयों, अभिलेखागारों, स्मारकों और अन्य सांस्कृतिक संस्थानों से डिजिटल संसाधनों को एकत्रित करके एक एकीकृत डिस्कवरी प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

(घ): उन्नत पोर्टल का उद्देश्य निम्नलिखित द्वारा भारत की सांस्कृतिक विरासत तक व्यापक सार्वजनिक पहुंच और उसके परिरक्षण को बढ़ावा देना है:

1. कई संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक संसाधनों तक पहुंच के लिए एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करना।
2. उन्नत खोज, मेटाडेटा-आधारित डिस्कवरी और डिजीटलीकृत संग्रहों तक पहुंच के माध्यम से अनुसंधान को सुगम बनाना।
3. प्रमाणित सांस्कृतिक जानकारी के माध्यम से छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और आम जनता की सहायता करना।
4. संग्रहालयों, स्मारकों, पांडुलिपियों, कलाकृतियों और विरासत संग्रहों की आभासी खोज की सुविधा देना।
5. क्यूरेटेड विषयगत सामग्री के माध्यम से भारत की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
6. सांस्कृतिक संसाधनों के दीर्घकालिक डिजिटल संरक्षण और पहुंच को सुदृढ़ करना।
7. बहुभाषी पहुंच और बेहतर डिजिटल जुड़ाव के माध्यम से व्यापक सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना।
8. वेबसाइट का विश्व भर में उपलब्ध होना और सभी स्क्रीन साइजों (डेस्कटॉप, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन) में रिस्पॉन्सिव होना।

(ड.): भारतीय संस्कृति पोर्टल के साथ एकीकृत संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक-क** पर दी गई है।

अनुलग्नक-क

'इंडियन कल्चर पोर्टल संस्करण 2.0' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3481 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संस्थान
अरुणाचल प्रदेश	केन्द्रीय हिमालयी संस्कृति अध्ययन संस्थान
बिहार	बिहार राज्य अभिलेखागार; खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी
दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)	केंद्रीय सचिवालय ग्रंथागार; सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र; दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी; दिल्ली राज्य अभिलेखागार; गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति; हरिजन सेवक संघ; इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र; ललित कला अकादमी; राष्ट्रीय अभिलेखागार; राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय; राष्ट्रीय रक्षा संपदा प्रबंधन संस्थान; राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन; राष्ट्रीय संग्रहालय; राष्ट्रीय कला इतिहास, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान संस्थान; प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय; साहित्य अकादमी; संगीत नाटक अकादमी; भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
गुजरात	गुजरात सरकार
कर्नाटक	कर्नाटक सरकार; राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय
केरल	केरल सरकार
मध्य प्रदेश	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय
महाराष्ट्र	छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय; महाराष्ट्र राज्य अभिलेखागार; मणि भवन; दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र
मिजोरम	मिजोरम राज्य पुस्तकालय
ओडिशा	ओडिशा सरकार
पंजाब	उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र
राजस्थान	योजना (मैन पॉवर) विभाग, राजस्थान सरकार; पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र
सिक्किम	सिक्किम राज्य अभिलेखागार
तमिलनाडु	दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा; मराठा पैलेस; दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र
तेलंगाना	सालार जंग संग्रहालय
उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद संग्रहालय; केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान; उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र; रामपुर रज़ा पुस्तकालय; वृंदावन शोध संस्थान
उत्तराखंड	गढ़वाल मंडल विकास निगम लिमिटेड
पश्चिम बंगाल	भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण; पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र; बंगाल सरकार; भारतीय संग्रहालय; राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद; राष्ट्रीय पुस्तकालय; दि एशियाटिक सोसाइटी; विक्टोरिया मेमोरियल हॉल

*****